समन्वय-11014/7/2019-समन्वय

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

(समन्वय प्रभाग)

****

**विषयः एसडीई मंत्रालय के संबंध में मंत्री परिषद के लिए मासिक सारांश।**

जून, 2022 के दौरान इस मंत्रालय की कुछ प्रमुख उपलब्धियां/पहल इस प्रकार हैं:

1. **कौशल आदिवासी युवा - ग्रामीण उद्यमी:** मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में ग्रामीण इंजीनियर बने लगभग 140 आदिवासी युवाओं को कौशल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कौशल विकास और उदयमशीलता राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक कौशल प्रशिक्षण पूरा करने और कौशल प्राप्त करने के लिए बधाई दी, जिसे उन्होंने "पासपोर्ट टू प्रॉस्पेरिटी" कहा।

2. युवाओं को कॉर्पोरेट के भीतर ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण के अधिक अवसरों से जोड़ने और रोजगार पाने का एक अवसर देने के उद्देश्य से, मंत्रालय ने अब हर महीने प्रधान मंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) आयोजित करने का निर्णय लिया है। 13 जून, 2022 को, भारत में 200+ स्थानों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मेले का आयोजन किया गया था। मेले में 36 से अधिक क्षेत्रों की 1000 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और कंपनियों में प्रशिक्षु के रूप में काम पर रखने का अवसर प्रदान किया।

3. 'अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन डिस्ट्रिक्ट स्किल डेवलपमेंट प्लानिंग' (डीएसडीपी) का दूसरा संस्करण 09 जून, 2022 को नई दिल्ली के डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया था, जहां शीर्ष 30 जिलों को कौशल विकास में उनकी सर्वोत्तम पद्धतियों के लिए सम्मानित किया गया था। **गुजरात में राजकोट, असम में कछार और महाराष्ट्र में सतारा** को क्रमशः सभी भाग लेने वाले जिलों में शीर्ष तीन स्थान पर रखा गया। कुल तीस जिलों का चयन किया गया, और पुरस्कार निम्नलिखित तीन श्रेणियों के तहत दिए गए:

- श्रेणी I: जिला कौशल विकास योजना में उत्कृष्टता के लिए 8 पुरस्कार
- श्रेणी II: जिला कौशल विकास योजना में उत्कृष्टता के लिए 13 प्रमाणपत्र
- श्रेणी III: जिला कौशल विकास योजना के लिए 9 प्रशंसा पत्र

बाद में एक चर्चा सत्र में, अधिकारियों ने केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान, और कौशल विकास और उद्यमशीलता और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री, श्री राजीव चंद्रशेखर से मुलाकात की और सर्वोत्तम पद्धतियों और उनके क्षेत्र में किए गए कार्यों को साझा किया।

4. वीसी, बैठकें और महत्वपूर्ण निर्णय:-

- 1 जून को सभी आरडीएसडी/राज्यों/टीपीए, एसएससी, एएए, एनएसटीआई, बीओएटी और डीजीटी और डॉ. चंद्रशेखर बुद्ध, सीसीओ के साथ भावी प्रौद्योगिकियों के लॉन्च समारोह में शामिल होने के लिए एआईसीटीई-एनईएटी आमंत्रण के संबंध में वीसी।
- नेतूर तकनीकी प्रशिक्षण फाउंडेशन (एनटीटीएफ) के साथ साझेदारी में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए परियोजना 28.06.2022 को डॉ अश्वथ नारायण सी.एन, माननीय उच्च शिक्षा और कौशल विकास मंत्री और सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी मंत्री और विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कर्नाटक सरकार और सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की उपस्थिति में शुरू की गई थी। इस परियोजना का उद्देश्य 2075 प्रशिक्षकों (अर्थात 6 महीने के टीओटी कार्यक्रम में 1800 प्रशिक्षकों और व्यावसायिक शिक्षा में 1 वर्ष के पीजी डिप्लोमा में 275 प्रशिक्षकों) को प्रशिक्षित करना है।

**5. करार और समझौता ज्ञापन:**

- कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय ने पूंजीगत सामान क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक सहयोगी इकोसिस्टम बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत, एमएसडीई राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से इंजीनियरिंग ट्रेडों में कौशल प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) और उद्योग भागीदारों के बीच लिंकेज की सुविधा प्रदान करेगा। एमएसडीई की अध्यक्षता में एनएसडीई के एक वरिष्ठ अधिकारी और एसएससी के प्रतिनिधियों सहित कम से कम सात अन्य सदस्यों की अध्यक्षता में एक समीक्षा समिति का गठन किया जाएगा।
- कौशल विकास, रोजगार, और उद्यमशीलता के माध्यम से लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण प्राप्त करने के लिए एमएसडीई के प्रयासों को सुदृढ़ करने हेतु (गैर-वित्तीय प्रकृति) दिनांक 06.07.2021 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को एक वर्ष की अवधि के लिए विस्तार करने के लिए एमएसडीई और यूएन महिलाओं के मध्य 27.06.2022 को एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

6. बेहतर पारदर्शिता के लिए एनसीवीटी एमआईएस (आईटीआई प्रबंधन सूचना प्रणाली) पोर्टल में नए परिवर्तन/संवर्द्धन किए गए। एनसीवीटी एमआईएस के साथ एपीआई एकीकरण के माध्यम से एनआईओएस पर कुल 54,062 प्रशिक्षुओं को पंजीकृत किया गया है। साथ ही, सीबीटी शुल्क भुगतान के लिए निमी पोर्टल और एनसीवीटीएमआईएस का निर्बाध एकीकरण किया गया।

7. संकल्प के तहत आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में, 12 गांवों में 12 आरपीएल शिविर (35 बैच) आयोजित किए गए हैं और 1086 उम्मीदवारों को जून माह, 2022 में प्रशिक्षित किया गया है।

**8. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन:**

- सर्व जन कल्याण के लिए योग को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय के तत्वावधान में काम कर रहे ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (बीडब्ल्यूएसएससी) ने 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय था 'योग को हां और रोग को ना' और इसके बाद कुशल भारत मिशन के तहत बी एंड डब्ल्यूएसएससी के अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण छात्रों के लिए अपनी तरह का पहला "दीक्षांत समारोह" आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सचिव, एमएसडीई उपस्थित रहे।
- पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 मनाया गया और 20,000 से अधिक लाभार्थियों ने कार्यकलाप में भाग लिया।

9. **अग्निपथ/अग्निवीर:** कुशल भारत और एमएसडीई सशस्त्र बलों के विभिन्न विंगों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि छात्रों को अतिरिक्त कौशल में प्रशिक्षित किया जा सके ताकि उन्हें इन जॉब रोल्स के लिए बेहतर अनुकूल बनाया जा सके। इसके अलावा, सभी अग्निवीरों को सेवा में रहते हुए कुशल भारत प्रमाणपत्र मिलेगा, जो उन्हें सेवा पूरी कर लेने पर उद्यमशीलता और जॉब रोलों के क्षेत्र में अर्थव्यवस्था में विविध अवसरों का लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

******